**Regarding conservation of water bodies**

श्री बाबू सिंह कुशवाहा **(जौनपुर) :** माननीय सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र जौनपुर में स्थित ऐतिहासिक और प्राकृतिक दृश्य, महत्वपूर्ण गुजर ताल के संरक्षण के बारे में ध्यान दिलाना चाहता हूँ । अगर वहाँ का विकास किया जाए, तो वहाँ के स्थानीय कृषि पर्यावरण एवं जैव विविधता बनाए रखने में यह महत्वपूर्ण भूमिका रखता है । इसके साथ ही यह सांस्कृतिक और धार्मिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है । वर्तमान में यह तालाब उपेक्षा का शिकार रहा है, जिससे जलस्तर घट रहा है और इसकी प्राकृतिक सुन्दरता भी प्रभावित हो रही है । यह तालाब अनेक पशु-पक्षियों, जीव-जंतुओं एवं क्षेत्रीय जानवरों के साथ ही पेड़-पौधों एवं मनुष्यों के लिए भी महत्वपूर्ण है । इसलिए इसका संरक्षण, सौन्दर्य, पर्यटन, रोजगार, उद्योग और मानव जाति के भविष्य से जुड़ा हुआ है । यदि इसका उचित संरक्षण किया जाए, तो इससे केवल पर्यावरण संरक्षण ही नहीं, बल्कि इससे पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा ।

मैं आपके माध्यम से, सरकार से निवेदन करता हूँ कि हमारे यहाँ के तालाबों का संरक्षण, सौन्दर्यीकरण किया जाए । इनके लिए धन आवंटित किए जाएं । अगर इनका विकास किया जाता है, तो इससे पर्यावरण को भी बढ़ावा मिलेगा । धन्यवाद ।